**1.** घड़ी में प्रयोग होने वाले क्वार्ट्ज क्रिस्टल होते हैं

(A) सोडियम सिलिकेट

(B) सिलिकन डाइऑक्साइड

(C) जर्मेनियम ऑक्साइड

(D) टाइटेनियम डाइऑक्साइड

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**2.** ब्रोमीन होती है

(A) रंगहीन गैस

(B) भूरी ठोस

(C) अत्यंत ज्वलनशील गैस

(D) लाल द्रव

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**3.** वेल्डिंग में प्रयोग होने वाली गैसें हैं

(A) ऑक्सीजन तथा हाइड्रोजन

(B) ऑक्सीजन तथा नाइट्रोजन

(C) ऑक्सीजन तथा ऐसीटिलीन

(D) हाइड्रोजन तथा ऐसीटिलीन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**4.** गैल्वेनाइज्ड लोहे के पाइप पर परत होती है

(A) जस्ते की

(B) पारे की

(C) लेड की

(D) क्रोमियम की

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**5.** दृश्य स्पेक्ट्रम के तरंगदैर्ध्य की सीमा है

(A) 1300 Å–3900 Å

(B) 3900 Å–7600 Å

(C) 7800 Å–8200 Å

(D) 8500 Å–9800 Å

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**6.** कपड़े साफ करने में प्रयोग होने वाले डिटर्जेंट हैं

(A) कार्बोनेट

(B) बाइकार्बोनेट

(C) बिस्मथेट

(D) सल्फोनेट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**7.** वह तत्त्व, जो मानव पसीने के माध्यम से उत्सर्जित होता है, है

(A) गंधक

(B) लोहा

(C) मैग्नीशियम

(D) जस्ता

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**8.** नीला थोथा रासायनिक रूप से है

(A) सोडियम सल्फेट

(B) निकल सल्फेट

(C) कॉपर सल्फेट

(D) आयरन सल्फेट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**9.** एक परमाणु के केन्द्र का धनावेशित हिस्सा कहलाता है

(A) प्रोटॉन

(B) न्यूट्रॉन

(C) इलेक्ट्रॉन

(D) न्यूक्लियस

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**10.** एक ठोस के सीधे गैस में परिवर्तन को कहते हैं

(A) ऊर्ध्वपातन

(B) संघनन

(C) वाष्पन

(D) उबलना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

most trusted since 2003

11. मानव तंत्र में इंसुलिन किसका चयापचय (मेटाबोलिज्म) नियंत्रित करता है?
   (A) वसा
   (B) कार्बोहाइड्रेट
   (C) प्रोटीन
   (D) न्यूक्लिक अम्ल
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

12. निम्नलिखित में से ऐंटिबायोटिक है
   (A) पेनिसिलिन
   (B) ऐस्पिरिन
   (C) पैरासीटामोल
   (D) सल्फाडायाजीन
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

13. निम्नलिखित में से कौन-सा मुख्यतः कार्बोहाइड्रेट है?
   (A) गेहूँ
   (B) जौ
   (C) चावल
   (D) मक्का
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

14. निम्नलिखित में से सबसे भारी धातु है
   (A) सोना
   (B) चाँदी
   (C) पारा
   (D) प्लैटिनम
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

15. स्टेनलेस स्टील एक मिश्रधातु है
   (A) लोहे और निकल की
   (B) लोहे और क्रोमियम की
   (C) ताँबे और क्रोमियम की
   (D) लोहे और जस्ते की
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

16. टूटी हुई हड्डियों की रक्षा के लिए प्लास्टर ऑफ पेरिस का प्रयोग होता है। यह है
   (A) बुझा चूना
   (B) कैल्सियम कार्बोनेट
   (C) कैल्सियम ऑक्साइड
   (D) जिप्सम
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

17. एक हाइड्रोकार्बन, जिसमें कार्बन के दो परमाणु द्विबंध द्वारा जुड़े हों, कहलाता है
   (A) ऐल्केन
   (B) ऐल्कीन
   (C) ऐल्काइन
   (D) आयनिक बंध
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

18. सिरके का रासायनिक नाम है
   (A) मेथेनॉल
   (B) एथेनॉल
   (C) ऐसीटिक अम्ल
   (D) एथिल ऐसीटेट
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

19. कार के बैटरी में प्रयोग होने वाला अम्ल है
   (A) ऐसीटिक अम्ल
   (B) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
   (C) नाइट्रिक अम्ल
   (D) सल्फ्यूरिक अम्ल
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

20. सोडा वाटर की बोतल खोलने पर निकलने वाली गैस है
   (A) कार्बन डाइऑक्साइड
   (B) हाइड्रोजन
   (C) नाइट्रोजन
   (D) सल्फर डाइऑक्साइड
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

21. निम्नलिखित स्मार्ट शहरों में से कौन-सा दिन में 100% नवीकरणीय ऊर्जा पर चलने वाला भारत का पहला शहर बन गया है?

(A) बेंगलुरू

(B) जयपुर

(C) इंदौर

(D) दीव

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

22. महमूद अबू ज़ीद ने 2018 यूनेस्को/गिलर्मो कैनो वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम पुरस्कार जीता है। वह किस देश से है?

(A) इज़राइल

(B) इराक

(C) ईरान

(D) मिस्र

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

23. द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'हरिमौ शक्ति 2018' भारत और किस देश के बीच आयोजित किया गया है?

(A) इंडोनेशिया

(B) मलेशिया

(C) न्यूज़ीलैंड

(D) दक्षिण कोरिया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

24. किस केंद्रीय मंत्रालय ने 'उन्नत भारत अभियान' का दूसरा संस्करण लॉन्च किया है?

(A) गृह मंत्रालय

(B) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय

(C) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(D) ग्रामीण विकास मंत्रालय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

25. गूगल इंडिया के सहयोग से किस केंद्रीय मंत्रालय ने 'इंक्रेडिबल इंडिया' पर 360° वर्चुअल रिएलिटी (वी० आर०) वीडियो लॉन्च किया है?

(A) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(B) सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(C) सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय

(D) पर्यटन मंत्रालय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

26. भारत का पहला राष्ट्रव्यापी खाद्य पुरातत्त्व सम्मेलन 'आर्कियोब्रोमा' की मेज़बानी किस शहर ने किया?

(A) मुंबई

(B) नई दिल्ली

(C) इंदौर

(D) सूरत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

27. 2018 विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक (डब्ल्यू० पी० एफ० आइ०) में भारत का रैंक क्या है?

(A) 136वाँ

(B) 138वाँ

(C) 135वाँ

(D) 137वाँ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

28. किस संस्थान को 'पेटेन्ट और व्यवसायीकरण के लिए शीर्ष आर० ऐंड डी० संस्थान/संगठन' श्रेणी में 2018 राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

(A) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्

(B) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

(C) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र

(D) रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

29. केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा जारी आँकड़ों के मुताबिक कौन-सा राज्य सर्वाधिक भिखारियों वाले राज्य की सूची में शीर्ष पर है?

(A) पश्चिम बंगाल

(B) आंध्र प्रदेश

(C) बिहार

(D) उत्तर प्रदेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

30. 100% सौर-संचालित स्वास्थ्य केंद्र वाला कौन-सा जिला भारत का पहला जिला बन गया है?

(A) कोलकाता

(B) चेन्नई

(C) बेंगलुरू

(D) सूरत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

31. सिडनी में 2018 आइ० एस० एस० एफ० जूनियर शूटिंग विश्व कप में पुरुषों के 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में किस भारतीय खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक जीता है?

(A) राजकँवर सिंह

(B) अनहाद जवांडा

(C) बी० साइनाथ

(D) अनिश भानवाला

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

32. कामरूप में गाँवों को विकसित करने के लिए किस राज्य सरकार ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ए० ए० आइ०) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

(A) पश्चिम बंगाल

(B) मिज़ोरम

(C) नागालैंड

(D) असम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

33. किस राज्य में सुरक्षित पेयजल के साथ पूरी तरह से घिरा हुआ आदिवासी आवासों की सर्वाधिक संख्या है?

(A) मध्य प्रदेश

(B) ओडिशा

(C) राजस्थान

(D) झारखंड

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

34. किस रॉकेट वाहन से इसरो ने जी॰ एस॰ ए॰ टी॰–6ए उपग्रह सफलतापूर्वक लॉन्च किया है?

(A) जी॰ एस॰ एल॰ वी॰–एफ 07

(B) जी॰ एस॰ एल॰ वी॰–एफ 09

(C) जी॰ एस॰ एल॰ वी॰–एफ 05

(D) जी॰ एस॰ एल॰ वी॰–एफ 08

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

35. 2018 अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस का विषय क्या है?

(A) वन और जल

(B) वन और ऊर्जा

(C) वन और स्थायी शहर

(D) वन और जीवन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

36. मिस्र के नए राष्ट्रपति के रूप में कौन चुने गए हैं?

(A) मूसा मुस्तफा मूसा

(B) अल-सय्यद अल-बदावी

(C) अब्देल फट्टाह अल-सिसी

(D) अहमद शाफिक सिसी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

37. 2017 के लिए प्रतिष्ठित जे॰ सी॰ डैनियल पुरस्कार के लिए कौन चुने गए हैं?

(A) सत्यन एंथिकड़

(B) के॰ जी॰ जॉर्ज

(C) श्रीकुमारन थम्पी

(D) अदूर गोपालकृष्णन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

38. भारतीय सेलूलर एसोसिएशन (आइ॰ सी॰ ए॰) द्वारा जारी किए गए हालिया आँकड़ों के मुताबिक, भारत ने मोबाइल फोन बनाने में विश्व में कौन-सा स्थान हासिल किया है?

(A) पहला

(B) दूसरा

(C) तीसरा

(D) चौथा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

39. गरीब लड़कियों के विवाह के लिए किस राज्य सरकार ने 'रूपश्री योजना' शुरू की है?

(A) तमिलनाडु

(B) ओडिशा

(C) पश्चिम बंगाल

(D) असम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

40. नीति (NITI) आयोग ने 'अटल न्यू इंडिया चैलेंज' लॉन्च किया है, जिसके तहत अभिनव उत्पादों और समाधानों को कितनी राशि तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा?

(A) ₹ 2 करोड़

(B) ₹ 1 करोड़

(C) ₹ 1·5 करोड़

(D) ₹ 2·5 करोड़

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

41. ई-कॉमर्स पर राष्ट्रीय नीति के लिए फ्रेमवर्क पर थिंक टैंक की पहली बैठक की अध्यक्षता किसने की?

(A) नरेंद्र मोदी

(B) अरुण जेटली

(C) सुरेश प्रभु

(D) स्मृति ईरानी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

42. बिहार के निम्नलिखित ज़िलों में से कौन-सा ज़िला नेपाल के साथ सीमा साझा नहीं करता है?

(A) मधुबनी

(B) किशनगंज

(C) सीतामढ़ी

(D) पूर्णिया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

43. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के बिहार राज्य में मौजूद एकमात्र यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है?

(A) महाबोधि विहार

(B) नालंदा में बौद्ध मठ

(C) विक्रमशिला मठ का प्राचीन स्थल

(D) शेरशाह सूरी का मकबरा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

44. दक्षिण एशियाई समुद्र क्षेत्र में तेल और रासायनिक प्रदूषण पर सहयोग के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और एस० ए० सी० ई० पी० के बीच समझौता ज्ञापन (एम० ओ० यू०) को मंजूरी दे दी है। एस० ए० सी० ई० पी० क्या है?

(A) दक्षिण एशिया कॉम्पैटिबिलिटी पर्यावरण कार्यक्रम

(B) दक्षिण एशिया सहकारी पर्यावरण कार्यक्रम

(C) दक्षिण एशिया कनेक्टिविटी पर्यावरण कार्यक्रम

(D) दक्षिण एशिया कोएर्सिव पर्यावरण कार्यक्रम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.

45. पर्यटन सहयोग को बढ़ाने के लिए हाल ही में किस राज्य सरकार ने दक्षिण कोरिया के साथ समझौता ज्ञापन (एम० ओ० यू०) पर हस्ताक्षर किए हैं?

(A) केरल

(B) मिज़ोरम

(C) तमिलनाडु

(D) उत्तर प्रदेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

46. भारतीय वन अनुसंधान और शिक्षा परिषद् (आइ० सी० एफ० आर० ई०) ने वन-आधारित समुदायों का समर्थन करने के लिए टी० आइ० एफ० ए० सी० के साथ समझौता ज्ञापन (एम० ओ० यू०) पर हस्ताक्षर किए हैं। आइ० सी० एफ० आर० ई० का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

(A) हैदराबाद

(B) बेंगलुरू

(C) इलाहाबाद

(D) देहरादून

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

47. निम्नलिखित में से किस टीम ने गंगा नदी बेसिन में भू-जल आर्सेनिक अनुसंधान पर परियोजना के लिए न्यूटन-भाभा फंड जीता है?

(A) भारत-रूस संयुक्त टीम

(B) भारत-यू० के० संयुक्त टीम

(C) भारत-जापान संयुक्त टीम

(D) भारत-इज़राइल संयुक्त टीम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

48. बाढ़ सुपर थर्मल पावर स्टेशन (बी० एस० टी० पी० एस०) किस राज्य में स्थित है?

(A) बिहार

(B) कर्नाटक

(C) राजस्थान

(D) पंजाब

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

49. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आइ० एस० ए०) ने हाल ही में एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सौर ऊर्जा परिनियोजन को बढ़ावा देने के लिए किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

(A) एशियाई बुनियादी ढाँचा निवेश बैंक

(B) नया विकास बैंक

(C) अफ्रीकी विकास बैंक

(D) एशियाई विकास बैंक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

50. भारत ने किन देशों के साथ असैनिक परमाणु सहयोग के लिए त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एम० ओ० यू०) पर हस्ताक्षर किए हैं?

(A) यू० एस० ए० और नेपाल

(B) जापान और म्यांमार

(C) रूस और बांग्लादेश

(D) जर्मनी और श्रीलंका

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.

51. सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता क्या है?

(A) पकी ईंट से बनी इमारत

(B) प्रथम असली मेहराब

(C) पूजा-स्थल

(D) कला और वास्तुकला

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

52. मेगस्थनीज दूत था

(A) सेल्यूकस का

(B) सिकंदर का

(C) डेरियस का

(D) यूनानियों का

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

53. कौटिल्य की पुस्तक *अर्थशास्त्र* किस विषय पर आधारित है?

(A) आर्थिक संबंध

(B) शासनकला के सिद्धांत और अभ्यास

(C) विदेश नीति

(D) धन संचय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

54. *त्रिपिटक* किसकी धार्मिक पुस्तक है?

(A) जैन

(B) हिन्दू

(C) पारसी

(D) बौद्ध

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

55. अशोक के 'धम्म' का मूल संदेश क्या है?

(A) राजा के प्रति वफादारी

(B) शांति एवं अहिंसा

(C) बड़ों का सम्मान

(D) धार्मिक सहनशीलता

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

56. मौर्य समाज का सात वर्गों में विभाजन का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है

(A) कौटिल्य के *अर्थशास्त्र* में

(B) अशोक के शिलालेखों में

(C) पुराणों में

(D) मेगस्थनीज की पुस्तक *इंडिका* में

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

57. प्रसिद्ध चीनी यात्री फाहियान ने किसके शासन-काल में भारत की यात्रा की?

(A) चंद्रगुप्त I

(B) चंद्रगुप्त II

(C) रामगुप्त

(D) श्रीगुप्त

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

58. चोल काल किसके लिए प्रसिद्ध था?

(A) ग्राम पंचायत (Village assembly)

(B) राष्ट्रकूट राजवंश के साथ युद्ध

(C) श्रीलंका के साथ व्यापार

(D) तमिल संस्कृति की उन्नति

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.

59. दक्षिण भारत के मंदिरों के आकर्षक द्वार क्या कहलाते हैं?

(A) शिखर

(B) गोपुरम

(C) देवालय

(D) मंडप

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

60. विजयनगर साम्राज्य का अवशेष कहाँ मिलता है?

(A) बीजापुर

(B) गोलकुंडा

(C) हम्पी

(D) बड़ौदा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

61. वह प्रथम मुसलिम शासक कौन था जिसने शासन के सिद्धांत (theory of kingship) को राजाओं के ईश्वरीय अधिकार सिद्धांत (theory of divine right) के समान प्रतिपादित किया था?

(A) ऐबक

(B) इल्तुतमिश

(C) बलबन

(D) अलाउद्दीन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

62. भारत में कागज का प्रयोग कब से प्रारंभ हुआ?

(A) 12वीं शताब्दी

(B) 13वीं शताब्दी

(C) 14वीं शताब्दी

(D) 15वीं शताब्दी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

63. यूरोपीय चित्रकारी (European paintings) का प्रवेश किसके दरबार में हुआ?

(A) हुमायूँ

(B) अकबर

(C) जहाँगीर

(D) शाहजहाँ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

64. भारत में किसके शासनकाल में इंगलिश ईस्ट इंडिया कम्पनी का गठन हुआ?

(A) औरंगज़ेब

(B) अकबर

(C) जहाँगीर

(D) हुमायूँ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

65. निम्न में से किस देशी रियासत को अंग्रेजों ने अपने क्षेत्र में नहीं मिलाया था?

(A) सिंध

(B) ग्वालियर

(C) अवध

(D) सतारा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

66. गाँधीजी के नमक सत्याग्रह का एकमात्र उद्देश्य क्या था?

(A) नमक कानून को निरस्त करना

(B) सरकार के सत्ता की कटौती

(C) आम लोगों के लिए आर्थिक राहत

(D) भारत के लिए 'पूर्ण स्वराज'

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

67. 1921 का मोपला विद्रोह कहाँ हुआ था?

(A) असम

(B) केरल

(C) पंजाब

(D) बंगाल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

68. भारत में स्वदेशी आंदोलन किस दौरान हुआ?

(A) गाँधीजी का चम्पारण सत्याग्रह

(B) बंगाल-विभाजन के विरुद्ध आंदोलन

(C) रोलेट ऐक्ट के विरुद्ध विद्रोह

(D) असहयोग आंदोलन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

69. बिहार प्रोविंशियल किसान सभा का गठन कब हुआ?

(A) 1929

(B) 1930

(C) 1931

(D) 1932

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

70. किस अधिनियम के तहत बिहार एक अलग राज्य बना?

(A) भारत सरकार अधिनियम, 1935

(B) भारत सरकार अधिनियम, 1919

(C) भारतीय काउंसिल अधिनियम, 1909

(D) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.

71. निम्नलिखित में से किस कमेटी/आयोग ने न्याय पंचायत बनाने की सिफारिश की थी?

(A) बलवन्त राय मेहता कमेटी

(B) अशोक मेहता कमेटी

(C) जी० वी० के० राव कमेटी

(D) सरकारिया आयोग

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

72. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य स्थानीय स्वशासन के अधिकार-क्षेत्र में नहीं आता?

(A) सार्वजनिक स्वास्थ्य

(B) स्वच्छता

(C) जनोपयोगी सेवा

(D) सार्वजनिक अनुशासन का रख-रखाव

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

73. पंचायती राज प्रणाली किस सूची में है?

(A) संघ सूची

(B) राज्य सूची

(C) समवर्ती सूची

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(E) उपर्युक्त में से एक से अधिक

74. किस राज्य/किन राज्यों ने पंचायती राज संस्थाओं में स्त्रियों के 50% आरक्षण को वैध किया है?

I. बिहार

II. उत्तराखण्ड

III. मध्य प्रदेश

IV. हिमाचल प्रदेश

(A) केवल III

(B) केवल II व III

(C) II, III व IV

(D) I, II, III व IV

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

75. धन विधेयक पेश किया जा सकता है

(A) केवल लोक सभा में

(B) केवल राज्य सभा में

(C) लोक सभा व राज्य सभा दोनों में

(D) लोक सभा व राज्य सभा दोनों के संयुक्त सत्र में

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

76. भारतीय संविधान की प्रकृति क्या है?

(A) संघीय

(B) एकात्मक

(C) संसदीय

(D) प्रकृति में संघीय किन्तु भावना में एकात्मक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

77. भारतीय सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है?

(A) प्रधानमंत्री

(B) राष्ट्रपति

(C) भारत का मुख्य न्यायाधीश

(D) लोकपाल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[P.T.O.

78. राज्य सभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?

(A) राष्ट्रपति

(B) उपराष्ट्रपति

(C) प्रधानमंत्री

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(E) उपर्युक्त में से एक से अधिक

79. भारत का प्रधानमंत्री किसके प्रति जवाबदेह है?

(A) मंत्रिमंडल

(B) राष्ट्रपति

(C) लोक सभा

(D) राज्य सभा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

80. संसद सदस्य बनने हेतु न्यूनतम उम्र क्या है?

(A) 18 वर्ष

(B) 21 वर्ष

(C) 25 वर्ष

(D) 30 वर्ष

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

81. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की सेवा-निवृत्ति की उम्र क्या है?

(A) 60 वर्ष

(B) 62 वर्ष

(C) 65 वर्ष

(D) 70 वर्ष

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

82. केंद्र सरकार में उच्चतम नागरिक सेवा अधिकारी कौन है?

(A) भारत का महान्यायवादी

(B) मंत्रिमंडल सचिव

(C) गृह सचिव

(D) वित्त सचिव

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

83. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना में एक समस्या है

(A) अल्प-रोज़गार

(B) मुद्रास्फीति

(C) बचत का निम्न स्तर

(D) असंगठित क्षेत्र

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

84. भारत में कृषि पुनर्वित्त प्रदान करने के लिए शिखर-स्तर के बैंक का नाम है

(A) भारतीय रिज़र्व बैंक

(B) कृषि तथा ग्रामीण विकास राष्ट्रीय बैंक

(C) भारतीय स्टेट बैंक

(D) इम्पीरियल बैंक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

85. 14वें वित्त आयोग के अनुसार विभाजनयोग्य शुद्ध केंद्रीय राजस्व कर में राज्यों का प्रतिशत भाग है

(A) 32 प्रतिशत

(B) 35 प्रतिशत

(C) 40 प्रतिशत

(D) 42 प्रतिशत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**86.** भारत में किस क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इक्विटी प्रवाह उच्चतम है?

(A) निर्माण क्षेत्र

(B) ऊर्जा क्षेत्र

(C) ऑटोमोबाइल क्षेत्र

(D) सेवा क्षेत्र

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**87.** भारतीय रिज़र्व बैंक का वर्तमान गर्वनर कौन है?

(A) विमल जालान

(B) अरविंद सुब्रमणियन

(C) रघुराम राजन

(D) उर्जित पटेल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**88.** भारत में सीमान्त कृषि-भूमि जोत का आकार है

(A) 5 हेक्टेयुर से ज्यादा

(B) 2 हेक्टेयर से 4 हेक्टेयर

(C) 1 हेक्टेयर से 2 हेक्टेयर

(D) 1 हेक्टेयर से कम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**89.** वैश्वीकरण में सम्मिलित नहीं है

(A) आयात शुल्क में कमी

(B) आयात लाइसेंसिंग का उन्मूलन

(C) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का उन्मुक्त प्रवाह

(D) सार्वजनिक क्षेत्र की इक्विटी का विनिवेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**90.** भारत में अर्थशोधन निवारण अधिनियम कब से लागू हुआ?

(A) 1998

(B) 1999

(C) 2001

(D) 2005

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**91.** शब्द संक्षेप TRIMS से क्या बनता है?

(A) व्यापार-संबंधित आय उपाय

(B) व्यापार-संबंधित प्रोत्साहन उपाय

(C) व्यापार-संबंधित निवेश उपाय

(D) व्यापार-संबंधित अभिनव उपाय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**92.** नीति आयोग अस्तित्व में कब आया?

(A) 1 जनवरी, 2014

(B) 1 जून, 2014

(C) 1 जनवरी, 2015

(D) 1 जून, 2015

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**93.** 'गुल्लक बच्चा बैंक' कहाँ है?

(A) दिल्ली

(B) पटना

(C) भोपाल

(D) जयपुर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[P.T.O.

94. भारत सरकार ने अखिल भारतीय थोक कीमत सूचकांक के लिए आधार वर्ष 2004–05 से बदलकर किस वर्ष को बनाया है?

(A) 2010–11
(B) 2011–12
(C) 2012–13
(D) 2013–14
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

95. भारतीय जनगणना, 2011 के अनुसार पुरुषों एवं स्त्रियों दोनों में प्रतिशत साक्षरता किस राज्य की न्यूनतम है?

(A) अरुणाचल प्रदेश
(B) आंध्र प्रदेश
(C) बिहार
(D) जम्मू एवं कश्मीर
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

96. बिहार में कृषि-भूमि की जोतों का औसतन आकार दूसरे राज्यों की तुलना में है

(A) न्यूनतम
(B) न्यूनतम से द्वितीय
(C) उच्चतम
(D) उच्चतम से द्वितीय
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

97. भारत के किस राज्य की वर्तमान मूल्यों पर नवीनतम प्रति व्यक्ति आय न्यूनतम है?

(A) बिहार
(B) उत्तर प्रदेश
(C) ओडिशा
(D) नागालैंड
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

98. बिहार में नवीनतम वार्षिक प्रति व्यक्ति बिजली का उपभोग है

(A) न्यूनतम
(B) न्यूनतम से द्वितीय
(C) उच्चतम
(D) उच्चतम से द्वितीय
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

99. भारत के किस राज्य में कपास का औसतन उत्पादन सर्वाधिक है?

(A) पश्चिम बंगाल
(B) बिहार
(C) असम
(D) आंध्र प्रदेश
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

100. बिहार में प्रति एक लाख जनसंख्या पर सड़क की लम्बाई है

(A) न्यूनतम
(B) न्यूनतम से द्वितीय
(C) उच्चतम
(D) उच्चतम से द्वितीय
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

most trusted since 2003

101. 10000 ईसा पूर्व में विश्व की जनसंख्या कितनी थी?

(A) 2 मिलियन

(B) 3 मिलियन

(C) 4 मिलियन

(D) 5 मिलियन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

102. कोकोस प्लेट किनके मध्य पाई जाती है?

(A) मध्य अमरीका तथा प्रशान्त प्लेट

(B) दक्षिण अमरीका तथा प्रशान्त प्लेट

(C) लाल सागर तथा फारस की खाड़ी

(D) एशियाई प्लेट तथा प्रशान्त प्लेट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

103. संयुक्त राज्य अमरीका का 'रस्ट बाउल' निम्नलिखित में से किस प्रदेश से संबंधित है?

(A) ग्रेट लेक्स प्रदेश

(B) अलाबामा प्रदेश

(C) कैलिफोर्निया प्रदेश

(D) पिट्सबर्ग प्रदेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

104. निम्नलिखित में से कौन-सा उपागम प्रो० अमर्त्य सेन से संबंधित है?

(A) मूल आवश्यकता उपागम

(B) सक्षमता उपागम

(C) आय उपागम

(D) कल्याण उपागम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

105. निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व का 'कहवा पत्तन' के नाम से जाना जाता है?

(A) साओ पाउलो

(B) सैंटोस

(C) रियो डी जेनीरो

(D) ब्यूनस आयर्स

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

106. निम्नलिखित में से किस राज्य में सर्वाधिक क्षेत्र वनों के अंतर्गत पाया जाता है?

(A) हिमाचल प्रदेश

(B) असम

(C) आंध्र प्रदेश

(D) अरुणाचल प्रदेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.

107. निम्नलिखित में से कौन-सी मिट्टी नदियों द्वारा निर्मित है?

(A) लाल मिट्टी

(B) काली मिट्टी

(C) जलोढ मिट्टी

(D) लैटराइट मिट्टी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

108. भारत के कुल विद्युत् उत्पादन में जल-विद्युत् का योगदान कितना है?

(A) 10 प्रतिशत

(B) 12 प्रतिशत

(C) 20 प्रतिशत

(D) 22 प्रतिशत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

109. भारत के जनसंख्या अध्ययन में कौन-सा जनगणना वर्ष 'डेमोग्राफिक डिवाइड' के नाम से जाना जाता है?

(A) 1911

(B) 1921

(C) 1931

(D) 1941

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

110. तमिलनाडु में सर्वाधिक सूती-वस्त्र के कारखाने कहाँ पाए जाते हैं?

(A) चेन्नई

(B) कोयम्बटूर

(C) मदुरै

(D) सलेम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

111. निम्नलिखित में से भारत का कौन-सा राज्य रबड़ के उत्पादन में अग्रणी है?

(A) तमिलनाडु

(B) केरल

(C) कर्नाटक

(D) आंध्र प्रदेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

112. राष्ट्रीय जलमार्ग-1 जोड़ता है

(A) कोट्टापुरम को कोल्लम से

(B) सादिया को धुबरी से

(C) हल्दिया को इलाहाबाद से

(D) हल्दिया को कोलकाता से

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

113. राजस्थान राज्य का खेत्री बेल्ट किसके लिए प्रसिद्ध है?

(A) ताँबा खनन

(B) सोना खनन

(C) अभ्रक खनन

(D) लौह अयस्क खनन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

114. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी फतूहा के पास गंगा में मिलती है?

(A) सोन

(B) पुनपुन

(C) सकरी

(D) बालन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.

**115.** कापन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार उत्तर बिहार की जलवायु किससे प्रदर्शित की जा सकती है?

(A) Cwg

(B) Aw

(C) CA'w

(D) CB'w

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**116.** मुजफ्फरपुर, दरभंगा तथा चंपारण ज़िलों में कौन-सी मिट्टी अधिकांशतः पाई जाती है?

(A) काली मिट्टी

(B) नवीन जलोढक

(C) प्राचीन जलोढक

(D) लाल मिट्टी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**117.** बिहार का सर्वाधिक जूट-उत्पादक ज़िला है

(A) सीवान

(B) गया

(C) वैशाली

(D) पूर्णिया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**118.** त्रिवेणी नहर किस नदी पर निर्मित है?

(A) कोसी

(B) सोन

(C) गंडक

(D) कमला

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**119.** जैन धर्म के प्रवर्तक महावीरजी का मोक्ष-स्थान कहाँ स्थित है?

(A) मनेर

(B) राजगीर

(C) पावापुरी

(D) जालान फोर्ट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**120.** कैमूर पठार किसके लिए प्रसिद्ध है?

(A) ताँबा

(B) चूनापत्थर

(C) लीथियम

(D) बॉक्साइट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**121.** स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने एक पत्रिका का प्रकाशन किया, जिसका नाम था

(A) *जनक्रान्ति*

(B) *हुंकार*

(C) *कृषक समाचार*

(D) *विद्रोही*

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**122.** पटना में 1913 में अनुशीलन समिति की एक शाखा की स्थापना किसने की?

(A) रेवती नाग

(B) यदुनाथ सरकार

(C) सचीन्द्रनाथ सान्याल

(D) मजरूल हक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**123.** 1922–23 में मुंगेर में किसान सभा का गठन किसने किया?

(A) स्वामी सहजानन्द सरस्वती

(B) श्रीकृष्ण सिंह

(C) मोहम्मद जुबैर

(D) के॰ एन॰ सिंह

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**124.** 1934 में बनी बिहार सोशलिस्ट पार्टी के सचिव थे

(A) आचार्य नरेन्द्र देव

(B) जयप्रकाश नारायण

(C) रामवृक्ष बेनीपुरी

(D) कर्पूरी ठाकुर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**125.** बिहार से भारतीय संविधान सभा के सदस्य कौन थे?

(A) ए॰ एन॰ सिन्हा

(B) राजेन्द्र प्रसाद

(C) जगजीवन राम

(D) श्यामनन्दन प्रसाद मिश्रा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**126.** बिहार में 1937 में गठित प्रथम भारतीय मंत्रिमंडल का नेतृत्व किसने किया?

(A) श्रीकृष्ण सिंह

(B) मुहम्मद युनूस

(C) जी॰ एस॰ लाल

(D) वहाब अली

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[illegible] का जन्मदाता माना है?

(A) मुहम्मद जिन्ना

(B) लॉर्ड माउन्टबैटेन

(C) लॉर्ड मिन्टो

(D) लियाकत अली खान

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**128.** पटना लॉन का गाँधी मैदान के रूप में नामकरण कब किया गया?

(A) भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान

(B) साइमन आयोग-विरोधी रैली के दौरान

(C) चम्पारण सत्याग्रह के दौरान

(D) भारत के स्वतंत्रता के अवसर पर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**129.** बम्बई प्रेसिडेन्सी एसोसिएशन की स्थापना किसने की?

(A) फिरोजशाह मेहता

(B) के० टी० तैलंग

(C) डब्ल्यू० सी० बनर्जी

(D) तैयबजी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**130.** इम्पीरियल कैडेट कॉर्प्स की स्थापना किसने की?

(A) लॉर्ड मिन्टो

(B) लॉर्ड कर्जन

(C) लॉर्ड लिटन

(D) लॉर्ड रिपन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**131.** बंगाल-विभाजन की घोषणा की गई

(A) 19 जुलाई, 1905 में

(B) 7 अगस्त, 1905 में

(C) 15 अगस्त, 1905 में

(D) 16 अक्तूबर, 1905 में

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**132.** कर्नल वाइली की हत्या के आरोप में किसे मृत्युदण्ड दिया गया?

(A) मदनलाल धिंगरा

(B) उधम सिंह

(C) भगत सिंह

(D) मन्मथनाथ

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

[ P.T.O.

133. भारतीय उच्चायुक्त के पद का किस अधिनियम से सृजन हुआ?

(A) भारतीय काउंसिल अधिनियम, 1909

(B) भारत सरकार अधिनियम, 1919

(C) भारत सरकार अधिनियम, 1935

(D) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

134. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस ने किस गोलमेज सम्मेलन में भाग नहीं लिया?

(A) प्रथम

(B) द्वितीय

(C) तृतीय

(D) सभी में भाग लिया

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

135. महात्मा गाँधी ने भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के किस अधिवेशन की अध्यक्षता की?

(A) 1922

(B) 1924

(C) 1928

(D) 1930

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

136. इनमें से कौन कैबिनेट मिशन के सदस्य नहीं थे?

(A) पेथिक-लॉरेन्स

(B) वेवेल

(C) स्टैफोर्ड क्रिप्स

(D) ए० वी० एलेक्जेंडर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

137. 'नाउ ऑर नेवर' पैम्फ्लेट किसने लिखा?

(A) मुहम्मद जिन्ना

(B) मुहम्मद इकबाल

(C) रहमत अली

(D) खफी खान

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

138. 'सती' को गैर-कानूनी किसने घोषित किया?

(A) वारेन हेस्टिंग्स

(B) विलियम बेंटिंक

(C) कॉर्नवालिस

(D) कर्जन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

139. पंजाब भूमि हस्तान्तरण अधिनियम कब पारित किया गया?

(A) 1850

(B) 1895

(C) 1900

(D) 1905

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

140. राज्य विभाग की स्थापना किसकी अध्यक्षता में की गई?

(A) महात्मा गाँधी

(B) जे० एल० नेहरू

(C) जी० बी० पंत

(D) सरदार पटेल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

47 मिलता है। यदि उसी संख्या को 19 से भाग किया जाए, तो शेषफल क्या होगा?

(A) 0

(B) 9

(C) 18

(D) 8

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**142.** एक व्यक्ति अपनी आय का $66\frac{2}{3}\%$ खर्च करता है और ₹ 1,200 प्रति महीना बचा लेता है। उसका मासिक खर्च (₹ में) है

(A) 2,400

(B) 3,000

(C) 2,000

(D) 3,600

(E) 2,800

**143.** एक व्यक्ति एक वस्तु को एक निश्चित दाम पर बेचकर 20% लाभ प्राप्त करता है। यदि वह उसे दुगने दाम पर बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत होगा

(A) 140

(B) 200

(C) 100

(D) 160

(E) 120

**144.** 10 महिलाएँ किसी काम को 7 दिन में पूरा करती हैं और उसी काम को 10 बच्चे 14 दिन में पूरा करते हैं। 5 महिलाएँ व 10 बच्चे उस काम को पूरा करने में कितने दिन लगाएँगे?

(A) 6

(B) 5

(C) 3

(D) 7

(E) 4

**145.** 11 और 90 के बीच में कितनी संख्याएँ हैं, जो 7 से भाग हो जाती हैं?

(A) 10

(B) 9

(C) 13

(D) 12

(E) 11

**146.** एक व्यक्ति स्थिर पानी में $7\frac{1}{2}$ कि० मी० प्रति घंटा से नौकायन कर सकता है। यदि $1\frac{1}{2}$ कि० मी० प्रति घंटा की गति से बहती हुई नदी में किसी स्थान पर पहुँचने और वापिस आने के लिए उसे 50 मिनट लगते हों, तो उस स्थान की दूरी कितनी है?

(A) 3 कि० मी०

(B) 4 कि० मी०

(C) 2 कि० मी०

(D) 5 कि० मी०

(E) 7 कि० मी०

147. एक राशि चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्ष में ₹ 4,624 तथा 3 वर्ष में ₹ 4,913 हो जाती है। राशि है

(A) ₹ 4,240

(B) ₹ 4,280

(C) ₹ 4,096

(D) ₹ 4,346

(E) ₹ 4,406

148. एक व्यक्ति ₹ 20 मूल्य के शेयर 9% लाभांश अदा करके खरीदता है। वह अपने धन पर 12% ब्याज चाहता है। प्रति शेयर का बाजार भाव है

(A) ₹ 18

(B) ₹ 15

(C) ₹ 21

(D) ₹ 25

(E) ₹ 20

149. निम्न पाई-चार्ट किसी राष्ट्र द्वारा किसी विशेष वर्ष में विभिन्न खेलों पर किए गए व्यय को दर्शाता है। चार्ट का ध्यान से अध्ययन करें और प्रश्न का उत्तर दें :




फुटबॉल पर क्रिकेट से कितना प्रतिशत कम व्यय किया गया?

(A) $35\frac{1}{2}$

(B) 29

(C) $32\frac{1}{2}$

(D) 31

(E) $33\frac{1}{3}$

150. एक व्यापार में $A$ ₹ 76,000 का निवेश करता है। कुछ माह पश्चात् उससे $B$ ₹ 57,000 के साथ जुड़ता है। वर्ष के अंत में कुल लाभ को 2 : 1 के अनुपात में उनमें बाँटा जाता है। $B$ कितने माह के उपरान्त जुड़ा?

(A) 6

(B) 4

(C) 3

(D) 8

(E) 5